54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 12.6°c
अधिकतम 26.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:50, सूर्यास्त - 6:14 | वर्ष : 54/ अंक : 54 | मंगलवार, 24 फरवरी 2026 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

मन में हमेशा जीत की आस होनी चाहिए... नसीब बदले या ना बदले, वक्त जरूर बदलता है।

सपा में,भाजपा से तो कोई जाने वाला नहीं है,अखिलेश यादव अपने विधायकों को बचा लें : केशव प्रसाद मौर्य



और सांसदों को?....

# रोक-टोक से नाराज पुत्रियों ने पिता को उतारा मौत के घाट

**भोपा, 23 फरवरी (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव मोरना में रोक-टोक से नाराज दो पुत्रियों ने रविवार देर रात धारदार हथियारों से काटकर अपने पिता की नृशंस हत्या कर दी और शव को जमीन पर डालकर खून से सने कपड़े व हत्या में प्रयुक्त हथियार छुपा दिए। सोमवार अलसुबह जब परिवार ने अधेड़ को खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़े देखा तो शोर मचाया। शोर-शराबा सुनकर

**➲घटना के बाद अपनाये शातिराना अंदाज से ग्रामीण हुए हैरान**

किसी ग्रामीण ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद भोपा पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मामले में पुलिस ने दोनों हत्यारोपी बहनों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दो चाकू और खून से सने कपड़े बरामद कर दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से एक हत्यारोपी पुत्री को जेल और दूसरी को बाल सम्प्रेषण गृह भेजा गया है। नृशंस हत्या की इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना में दलित रामप्रसाद का खून से लथपथ शव उसके घर के मुख्य दरवाजे के पास पड़ा मिलने के बाद हुए शोर-शराबे से ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर इकठ्ठा हो गई। हत्या के मामले की सूचना किसी ग्रामीण द्वारा डायल-112 पर दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची डायल-112 पुलिस ने घटना की सूचना भोपा पुलिस को दी। हत्या की सूचना मिलते ही भोपा पुलिस में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह और चौकी प्रभारी मोरना पिंटू चौधरी ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। मामले की सूचना पर एसपी देहात आदित्य बंसल और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी। परिजनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने मृतक की दो पुत्रियों से पूछताछ की और दोनों को हिरासत में ले लिया। थाने में पूछताछ के दौरान हिरासत में ली गई मृतक की दोनों पुत्रियों ने अपने पिता की दराती से गला रेतकर हत्या करना स्वीकार कर लिया, जिसके बाद पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू और खून से सने कपड़े बरामद कर लिए। मृतक अधेड़ रामप्रसाद के पुत्र अमित की तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर हत्यारोपी पुत्री कोमल को न्यायालय में में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया है, वहीं दूसरी हत्यारोपी को बाल संप्रेषण गृह में भेजा गया है।





हत्यारोपी पुत्री



मृतक का फाइल फोटो व हत्या के बाद शव का पंचनामा करती पुलिस



इस दराती से रेता गया पिता का गला



नाबालिग हत्यारोपी दूसरी पुत्री

**रोक-टोक से नाराज होकर रची पिता की हत्या की खतरनाक साजिश**

**भोपा।** पुलिस पूछताछ में हत्यारोपी कोमल और उसकी नाबालिग बहन ने बताया कि उनका पिता रामप्रसाद हमेशा उनके साथ रोक-टोक का व्यवहार करता था। कोमल ने बताया कि उसकी उम्र 32 वर्ष होने के बाद भी उसके पिता ने उसकी शादी नहीं की थी, जिससे दोनों नाराज और परेशान थी। जिसके चलते दोनों ने पिता को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। योजना के अनुसार रविवार शाम दोनों ने खीर में नींद की गोलियां मिलाकर परिजनों को खिला दी और सोमवार अलसुबह गैलरी के पास चारपाई पर सो रहे अपने पिता रामप्रसाद की गर्दन और पेट पर चाकुओं के ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत की नींद सुला दिया, जिसके बाद दोनो हत्यारोपी पुत्रियों ने शातिराना अंदाज में पिता के शव को चारपाई से उठाकर दरवाजे के पास रख दिया और नल पर हाथ मुंह धोकर घटना में प्रयुक्त चाकू और खून से सने कपड़े छिपाकर सो गई। सोमवार सुबह जब परिजन सोकर उठे तो रामप्रसाद के शव को देखकर हंगामा मच गया, लेकिन दोनों हत्यारोपी बहने अनजान बनकर परिजनों के साथ आंसू बहाती रही। हत्या के इस मामले के खुलासे के बाद क्षेत्रवासी दोनों के शातिराना तरीके से स्तब्ध है।

## साईकिल सवार दम्पती को मिनी बस ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत, पति घायल

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** मंदिर से दर्शन कर लौट रहे साइकिल सवार दम्पत्ति को नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में जानसठ रोड पर मिनी बस ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गयी, जबकि उसका पति घायल हो गया। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मिनी बस की तलाश कर रही है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव सहावली के रहने वाले पप्पू व उसकी पत्नी ललिता शहर में मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आए थे। देर शाम दोनों साइकिल पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही जानसठ रोड पर वर्धमान हास्पिटल के पास पहुंचे तो पीछे से आई मिनी बस ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में पति व पत्नी दोनों घायल हो गए। गंभीर हालत में ललिता को प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ रैफर कर दिया, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिवार के लोग शव को लेकर अपने गांव चले गए थे। हालांकि पुलिस ने गांव में पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।






## पुलिस ने 25 लाख रुपये की अफीम की जब्त

**कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार की मेहनत लाई रंग**

**बुढ़ाना, 23 फरवरी (बु.)।** कस्बा चौकी इंचार्ज संदीप कुमार ने एक बार फिर से अपनी काबिलियत दिखाते हुए 25 लाख रुपये की कीमत की एक किलोग्राम अफीम जब्त करते हुए दो नशा तस्करों को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के सफल नेतृत्व में बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार ने अपने सुत्रों के माध्यम से अपने अधीनस्थों के सहयोग से दो युवकों को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के विज्ञाना रोड से पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से एक किलोग्राम अफीम बरामद की। जिसकी कीमत बाजार में लगभग 25 लाख रुपए बताई गयी है। पकड़े गये दोनों नशा तस्करों ने अपने नाम नायब और नासिर निवासीगण गांव बडकता कोतवाली बुढ़ाना बताया। बुढ़ाना पुलिस ने दोनों नशा तस्करों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज करने के बाद दोनों को लिखापढ़ी कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि सहारनपुर मंडल क्षेत्र के डीआईजी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में चलाये जा रहे आपरेशन सवेरा अभियान के तहत ही यह बड़ी कार्यवाही बुढ़ाना पुलिस के द्वारा की गयी है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस टीम को इस गुड वर्क के लिए मोबाइल फोन पर शाबाशी दी है।



## देवपुरम निवासी युवक की रोहाना के पास हादसे में मौत

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के रोहाना चौकी इलाके में देर रात शाम सड़क हादसे में देवपुरम निवासी एक युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब आगे चल रही वेगनआर कार में पीछे से आ रही अल्टो कार ने टक्कर मार दी। इससे गाड़ी पीछे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में विशाल पुत्र अनिल चौधरी उम्र 33 वर्ष निवासी देवपुरम गांधी कॉलोनी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अल्टो कार में सवार सुरेंद्र कुमार सोनीपत निवासी घायल हो गया। बताया जा रहा है कि जिस कार में विशाल सवार था उसके दो अन्य लोग भी मौजूद थे। रोहाना चौकी इंचार्ज मोहित कुमार ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजा गया है। अभी मृतक के परिवार द्वारा तहरीर प्राप्त नहीं हो पाई थी मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मामले में आगे कार्रवाई की जा रही है।



## रांची से दिल्ली जा रही एयर एम्बुलेंस क्रैश, 7 की मौत

**रांची, 23 फरवरी (एजेंसी)।** रांची एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद एक चार्टर्ड एंबुलेंस कुछ ही मिनटों में क्रैश हो गया। पहले ये खबर मिली थी पलामू लातेहार के बीच इस एयर एंबुलेंस के लापता हुआ है। जानकारी मिली है कि निजी चार्टेड एम्बुलेंस चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कथियातु में क्रैश होकर गिरा है। मेडिकल चार्टर फ्लाइट में एक मरीज, डॉक्टर, पैरामेडिक, अटेंडेंट और क्रू मेंबर समेत 7 लोग सवार थे। किसी के जीवित बचने की संभावना नहीं है। एयर एंबुलेंस को रात में दिल्ली पहुंचना था, लेकिन रांची से उड़ान भरने के 20 मिनट बाद खराब मौसम के कारण एयर एम्बुलेंस लापता हो गया था। बताया गया है रांची एयरपोर्ट से एक चार्टर्ड एंबुलेंस फ़्लाइट ने उड़ान भरी। इसका संपर्क अगले स्टेशन से हुआ, फिर कंट्रोल अगले स्टेशन को सौंप दिया गया। इसके बाद संपर्क टूट गया। प्लेन ने रांची एयरपोर्ट से संपर्क नहीं किया। रिपोर्ट के अनुसार एयर एबुलेंस ने रांची से रात 7.10 बजकर उड़ान भरी। लेकिन 7.34 बजे इस फ्लाइट से संपर्क टूट गया। रांची से संपर्क खत्म होने बाद इस फ्लाइट का वाराणसी एयर कंट्रोल से संपर्क नहीं हो पाया।







1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## सुप्रीम कोर्ट पश्चिम बंगाल को लेकर गंभीर

पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था कई सालों से मनमानी व्यवस्था पर चल रही है। कई बार कई मामलों में पश्चिम बंगाल सरकार को अदालतों से फटकार लग चुकी है। पश्चिम बंगाल में केंद्रीय एजेंसिया काम नहीं कर पाती, उनके काम में मुख्यमन्त्री दल-बल के साथ बाधा डालती हैं। केंद्र अधिकारियों को बुलाता है, तो सरकार नहीं भेजती। सियासी गलियारों में चर्चा चलती है कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था इतनी बिगड़ गयी है कि राष्ट्रपति शासन कब का लग जाना चाहिए था। गृहमन्त्री अमित शाह को कहा जाता है कि अगर हम न चाहें तो आप अपने होटल से बाहर नहीं निकल सकते। लोग सवाल उठा रहे हैं कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन क्यों नहीं लग रहा? केन्द्र की सरकार इस मामले में कमजोर क्यों पड़ रही है? शायद इसलिए कि वह वहाँ की सरकार को बर्खास्त करने का दाग अपने दामन पर लगने देने से बच रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता हाईकोर्ट को जो निर्देश दिया है, उससे साफ हो रहा है कि सुप्रीम कोर्ट राज्य सरकार में चल रही अव्यवस्था पर गंभीर है। बंगाल सरकार लगातार चुनाव आयोग के खिलाफ है। बंगाल सरकार के वकील श्याम दीवान ने कोर्ट में कहा कि चुनाव आयोग ने अब एक और नये तरीके के अधिकारी नियुक्त कर दिए हैं। इन्हें स्पेशल रोल ऑफिसर कहा जा रहा है, यह स्पेशल ऑफिसर इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर ईआरओ से भी ऊपर हैं। श्याम दीवान की इस दलील पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि हमें न्यायिक अधिकारी या दूसरे कैडर के आईएएस नियुक्त करने होंगे। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से कहना होगा कि वह अच्छे रिकॉर्ड वाले न्यायिक अधिकारी नियुक्त करे। एसआईआर को लेकर जो पश्चिम बंगाल सरकार का रवैया है, वो सुप्रीम कोर्ट को अखर रहा है। ऐसा भी हो सकता है कि एसआईआर में देरी के कारण चुनाव तय समय में न हो पायें और वहाँ व्यवस्था के लिए राष्ट्रपति शासन लग जाए और अगला विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन के चलते ही हो। ऐसे में वहाँ की सरकार की धमक धरी रह जाएगी और वह सहानुभूति कार्ड भी नहीं खेल पाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में विवादों से घिरे एसआईआर प्रक्रिया में चुनाव आयोग की सहायता के लिए मौजूदा और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का असाधारण निर्देश जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने उन लोगों के दावों और आपत्तियों के निपटारे के लिए न्यायिक अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया है, जिन्हें लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी अर्थात तार्किक विसंगति सूची में रखा गया है और जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए जाने का खतरा है। पश्चिम बंगाल एसआईआर मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश के बावजूद पालन नही करने पर नाराजगी जाहिर की है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ मामले में सुनवाई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध किया है कि वे जिला न्यायाधीशों के पद पर कार्यरत और पूर्व न्यायिक अधिकारियों को एसआईआर कर्तव्यों के लिए आरक्षित रखें। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि असाधारण परिस्थितियों के कारण उसे यह असाधारण आदेश पारित करना पड़ा है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि न्यायिक अधिकारियों को कार्यवाही संभालने दीजिए। हम हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करेंगे, हमें उनके अधिकार क्षेत्र का भी सम्मान करना है। अगर विचार किया जाए तो सुप्रीम कोर्ट का यह कदम ही राज्य सरकार को शर्मिंदा करने वाला है, लेकिन वहाँ कोई शर्मिंदगी नहीं होती, ममता बनर्जी चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में वकील बन कर चलीं गयीं लेकिन यह आदेश बताता है कि सुप्रीम कोर्ट, एसआईआर और सरकार की सोच को लेकर गंभीर है। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना ही कि 'असाधारण परिस्थितियों के कारण उसे यह असाधारण आदेश पारित करना पड़ा है' अपने आप में बहुत कुछ कह रहा है। राज्य सरकार द्वारा सक्षम अधिकारियों की नियुक्ति को लेकर चुनाव आयोग और राज्य सरकार के बीच की व्यवस्था पर सीजेआई ने कहा कि क्या राज्य सरकार की ओर से संचार का यही स्तर है? सीजेआई ने कहा कि हमें बिहार से कोई शिकायत नहीं मिली? सीजेआई ने कहा कि ईआरओ सक्षम प्राधिकारी नहीं होते है। सीजेआई ने कहा कि इस तरह के बयान राज्य में संवैधानिक प्राधिकरण के खिलाफ दिए जा रहे हैं। यह अलार्मिंग है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि अर्ध-न्यायिक कार्य करने के लिए अधिकारियों की आवश्यकता पड़ती है। आप किसी क्लर्क से यह नहीं कह सकते कि चलो अब एक लिखित आदेश पारित करो। उन्हें जनता के भाग्य का फैसला करना होता है। सीजेआई ने कहा कि राज्य सिविल सेवाएं इस तरह से काम कर सकती हैं, लेकिन अगर आपके पास पर्याप्त ग्रुप ए अधिकारी नहीं है, अपनी सूची देखें, 5 साल बीडीओ के रूप में सेवा दें और फिर उन्हें जिला मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात करें। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल डीजीपी से एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब कर अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि कलेक्टर और एसपी समय-समय पर जारी किए जाने वाले निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वतः प्रतिनियुक्त माने जाएंगे। कोर्ट ने कहा राज्य सरकार द्वारा उनके निर्देशों का तुरंत पालन किया जाना चाहिए। कार्यवाही का तंत्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर छोड़ दिया गया है। कोर्ट मार्च के पहले सप्ताह में सुनवाई करेगा। मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट को बताया कि समय सीमा 21 फरवरी तक बढ़ाने के बावजूद 15 फरवरी को ही उन्होंने दस्तावेज अपलोड करना बंद कर दिया था। सीजेआई ने कहा कि क्या राज्य सरकार की जिम्मेदारी नहीं है कि आप एआरओ मुहैया कराएं। सीजेआई ने कहा कि आप हमें निराश मत कीजिए। ये तो बहुत अजीब बात है। कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी की फीस को लेकर भी चर्चाएं हो रही हैं, इतनी मोटी फीस के बावजूद भी पश्चिम बंगाल सरकार को कोर्ट से फटकार ही सुनने को मिल रहीं हैं। एक आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा दायर आवेदन के जवाब में राज्य के विधि विभाग ने 2024-25 वित्त वर्ष का विवरण दिया है। उसके अनुसार कपिल सिब्बल को पिछले एक साल में 3.16 करोड़ रुपये और अभिषेक मनु सिंघवी को 4.62 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'दल' 'नेता' 'बयां' 'थू-थू'

वो ऐसे दल का नेता है, जो गिरता जा रहा हर दिन,
जरा भी सच नहीं जिसमें,वही वो झूट कहता है,
बयां पर पहले भी उसके, हुई थू-थू जमाने में,
समंदर पार रहता है, वहीं से कहता रहता है।

# रोमांचक फाइनल में नमाहा चैलेंजर्स चैंपियन.....

## - सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराकर जीता खिताब








भैंसी/मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बुस.)। अहलावत क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए एमआईपीएल टूर्नामेंट के भव्य फाइनल मुकाबले में नमाहा चैलेंजर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपर किंग्स को 5 विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। रोमांच और उत्साह से भरे इस मुकाबले में दर्शकों को आखिरी ओवर तक सांस रोक देने वाला खेल देखने को मिला। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपर किंग्स की टीम 19.5 ओवर में 176 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से आशुतोष शर्मा ने 44 गेंदों पर 60 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 2 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। लविश आहूजा ने 16 गेंदों पर 35 रन (5 चौके, 2 छक्के) बनाकर तेज शुरूआत दिलाई, जबकि विकेटकीपर नईम मिर्जा ने 8 गेंदों पर 19 रन बनाकर रनगति बढ़ाई। अंकित सिंह (21) और निपुन मित्तल (14) ने भी उपयोगी योगदान दिया, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। नमाहा चैलेंजर्स की ओर से कप्तान रितेश बंसल ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 26 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। गौरव अरोड़ा ने 4 ओवर में 28 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि वेदांत कपूर और मयूर को एक-एक सफलता मिली। सटीक गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग के दम पर नमाहा चैलेंजर्स ने सुपर किंग्स को चुनौतीपूर्ण, लेकिन हासिल किए जा सकने वाले स्कोर पर रोक दिया। 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नमाहा चैलेंजर्स की शुरूआत धीमी रही और शुरूआती विकेट जल्दी गिरने से टीम दबाव में आ गई। हालांकि कप्तान रितेश बंसल ने जिम्मेदारी संभालते हुए 60 गेंदों पर नाबाद 89 रन की कप्तानी पारी खेली। उनकी पारी में 11 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। मध्यक्रम में अभिषेक अग्रवाल और वेदांत कपूर सस्ते में आउट हो गए, जबकि प्रतीक भाटिया 12 रन बनाकर चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट हुए। मैच के अंतिम क्षणों में अभिषेक साहनी ने आक्रामक अंदाज में 17 गेंदों पर नाबाद 47 रन (5 चौके, 3 छक्के) जड़ते हुए मुकाबला नमाहा चैलेंजर्स के पक्ष में मोड़ दिया। टीम ने 19.1 ओवर में 5 विकेट खोकर 178 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया और खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में कप्तान रितेश बंसल का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। उन्होंने गेंदबाजी में चार विकेट चटकाने के साथ-साथ बल्लेबाजी में नाबाद 89 रन बनाकर टीम की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। उनके इस शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें सर्वसम्मति से मैन ऑफ द मैच चुना गया। पूरे टूर्नामेंट का सफल आयोजन अंकित सांगल, रचित गोयल और आकाश गुप्ता द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान सोनू अहलावत, मोनू अहलावत और वेदपाल अहलावत का विशेष सहयोग रहा। टूर्नामेंट के समापन पर खिलाड़ियों, आयोजकों और दर्शकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# गणपति धाम में धूमधाम से मनाया जायेगा फाल्गुन उत्सव

## - फूलों की होली, निशान यात्रा, भव्य संकीर्तन और द्वादशी भंडारे के साथ पांच दिन होगा गुणगान - 27 को प्रातः 9 बजे निशान यात्रा शिव चौक से होगी प्रारंभ





मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)। भरतिया कॉलोनी स्थित श्री गणपति धाम मंदिर में भगवान बाबा खाटू श्याम का 5 दिवसीय फाल्गुन उत्सव 24 से 28 फरवरी तक हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। श्री गणपति धाम मंदिर सेवा ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित भव्य धार्मिक महोत्सव के बीच में फूलों की होली, चंग धमाल, श्याम नाम की मेहंदी, एकादशी निशान यात्रा, भव्य संकीर्तन तथा द्वादशी भंडारे जैसे विविध कार्यक्रम होंगे। मंदिर प्रांगण को विशेष रूप से सजाया गया और मेले का भी आयोजन किया जाएगा। श्री गणपति धाम मंदिर में मीडिया से वार्ता करते हुए मंत्री अनिल गोयल ने बताया कि मंगलवार, 24 फरवरी को सायं 7 बजे भगवान के समक्ष फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु पुष्प वर्षा के साथ भक्तिमय वातावरण में सहभागिता करेंगे। बुधवार, 25 फरवरी को सायं 7 बजे मंदिर में चंग धमाल का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जयपुर के प्रसिद्ध भजन गायक महेश परमार भक्तों को भजनों से सराबोर करेंगे। 26 फरवरी को सायं 6 बजे मंदिर परिसर में श्याम नाम की मेहंदी एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु हाथों में श्याम नाम की मेहंदी रचाकर अपनी आस्था व्यक्त करेंगे। समिति अध्यक्ष अशोक गर्ग ने बताया कि शुक्रवार 27 फरवरी को प्रातः 9 बजे एकादशी निशान यात्रा शिवचौक से प्रारंभ होगी। उक्त यात्रा शिव चौक से झांसी रानी चौक, टाउन हॉल रोड, मदन स्वीट्स, भोपा पुल, गौशाला, पीठ बाजार, बिंदल बाजार, स्वीट्स कॉर्नर होते हुए डाकखाना रोड मार्ग से मंदिर पहुंचेगी। उसी दिन रात्रि 7 बजे से एकादशी पर भव्य संकीर्तन का आयोजन होगा, जो मंगला आरती तक चलेगा। इस संकीर्तन में वृंदावन धाम के कुंज बिजारी दास व जयपुर के मुकेश बागन मुख्य भजन गायक के रूप में उपस्थित रहेंगे। स्थानीय भजन गायकों की प्रस्तुति दी जाएगी। शनिवार, 28 फरवरी को रात्रि 7 बजे मंदिर प्रांगण में बधाई उत्सव आयोजित होगा। इसके उपरांत द्वादशी भंडारे के साथ पांच दिवसीय उत्सव का समापन किया जाएगा। उत्सव के दौरान 24 से 28 फरवरी तक मंदिर प्रांगण में मेले का आयोजन किया जाएगा। बच्चों के झूले, विभिन्न प्रकार की दुकानें और आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे। बंगाली कारीगरों द्वारा मंदिर परिसर को भव्य व नयनाभिराम स्वरूप दिया जा रहा है, जो विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस दौरान मुख्य रूप से जेपी गोयल, कैलाश चंद ज्ञानी, सोम प्रकाश, पवन सिंघल, बिजेंद्र राणा, विनोद राठी, विकास अग्रवाल, प्रतीक कंसल, नीरज गोयल, नवनीत गुप्ता, रजत गोयल, अमित गोयल, नवीन अग्रवाल, रजत राठी, अंकित अग्रवाल, यश गर्ग, तुषार गर्ग, अतुल अरोड़ा, राहुल श्याम प्रेमी, शुभम तायल सहित गणपति धाम खाटू श्याम मंदिर परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

SHANTI DEVI JAIN DEGREE COLLEGE, SHAHPUR, MUZAFFARNAGAR
(Recognized and Affiliated Institution)
Recruitment Notice
Candidates can apply for the following posts:
Office Coordinator
Clerical Head
Technical Assistant
Send the CV's on:
shantidevijain737@gmail.com

# आईजीआरएस व सीएम डैश बोर्ड की बैठक में डीएम ने कसे अफसरों के पेंच, लगाई क्लास

## - लापरवाह अफसरों के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि व वेतन रोकने के निर्देश



मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री संदर्भ एवं लम्बित शिकायतों-निस्तारण एवं सीएम डैशबोर्ड से संबंधित बैठक जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर संदर्भों की विभागवार समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को अपना प्रतिनिधि भेजने के बजाए स्वयं मौजूद रहने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएसए को स्कूल बंद होने के विषय में सही जानकारी न देने पर विभागीय कार्रवाई करने और गन्नाधिकारी को आईजीआरएस एवं सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की जानकारी न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी। समीक्षा बैठक में एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार को निर्देश दिए कि जिन विभागों की प्रगति कम है ऐसे विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टियां जारी की जाए। वहीं जिन विभागों द्वारा आईजीआरएस के संदर्भ में अभी तक निस्तारण संतोषजनक न पाए जाने और बैठक में अनुपस्थित होने वाले अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईजीआरएस व सीएम डैशबोर्ड की प्रगति के निस्तारण में जिनकी फीडबैक खराब है, उनका वेतन रोकने के लिए जरुरी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मंडी सचिव खतौली की लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि तथा सचिव मंडी मुजफ्फरनगर के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीएम उमेश मिश्रा ने एडीएम वित्त को निर्देश दिए कि जिन विभागों के प्रगति खराब है ऐसे अफसरों के साथ 25 फरवरी की सुबह प्रातः 10 बजे कार्यालय में बैठक कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित कर दें, ताकि कोई भी संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाए। संदर्भों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। कोई भी संदर्भ सी श्रेणी एवं असंतुष्ट फीडबैक संदर्भ का निस्तारण करने से पूर्व शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता करने के उपरान्त आख्या अपलोड कराये जाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले इंडिकेटर में रहने वाले अधिकारी निस्तारण में सुधार लाएं। वहीं कर करेत्तर की समीक्षा के दौरान आबकारी, व्यापार कर, स्टाम्प शुल्क, विद्युत देय वसूली, नगर निकायों में राजस्व संग्रह स्थिति, खनन, मण्डी समिति, बांट माप, सिंचाई, खाद्य एवं सुरक्षा विभाग सहित अन्य राजस्व संग्रह से जुड़े विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व देय वसूली की विस्तृत समीक्षा की गयी। लक्षित राजस्व देयों की वसूली में सुधार लाते हुये समय अंतर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।

SUGROLIA CANELUXE GLOBAL PRIVATE LIMITED
Patel Nagar, New Mandi, Muzaffarnagar (U.P.)
RECRUITMENT NOTICE
*Our company has recently reached a pivotal junction in negotiating an important deal with a foreign party. We seek formidable people who can procure the best for us. Following are the vacancies:*
*(1) Data Handlers*
*(2) Logistics Managers*
*(3) H.R.*
*(4) Marketing Manager*
*(5) French Translator (with atleast B1 proficiency as per CEFR levels)*
*(6) Persian Translator*
*The company is also open to accept internship requests from candidates having the following qualification MBA/BBA, freshers and with two years experience.*
*General Instructions:*
*(I) If the above six vacancies are not filled then internship candidates will be offered to apply for.*
*(ii) The management reserves the right to select and contact the candidates as per its discretion.*
*worthy candidates can send their CV's on:*
*sugroliacaneluxecareers@gmail.com*

# सनातन धर्म महाविद्यालय की एथलेटिक मीट का हुआ शुभारंभ





मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)। सनातन धर्म महाविद्यालय की वार्षिक एथलेटिक मीट का सोमवार को शुभारंभ कॉलेज के सचिव अखिलेश दत्त द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुधीर पुंडीर ने मार्च पास्ट की सलामी लेते हुए सभी खिलाड़ियों को खेल भावनाओं का परिचय देने व खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस मार्च पास्ट में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। आज की प्रतियोगिता में 100 मीटर एवं 200 मीटर की हिट्स कराई गई तथा शॉट पुट में प्रथम पुरस्कार विशाल कुमार, द्वितीय आदित्य, तृतीय पुरस्कार सागर एवं डिस्कस व लंबी कूद में प्रथम विशाल, द्वितीय सागर व तृतीय आदित्य ने प्राप्त किया। आयोजन में शारीरिक शिक्षा के विभाग के डॉ. नितिन कुमार, डॉ. अंशुल शर्मा, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. चंद्र मणि, डॉ. नागेंद्र, डॉ. कर्मजीत कौर, डॉ. प्रणव शर्मा आदि का विशेष रूप से सहयोग रहा। इस दौरान महाविद्यालय के डीन प्रो. अलका बंसल, प्रो. अजय पाल, विशंभर पांडे, डॉ. सरिता ढाका, मदन पाल, ध्रुव गुप्ता, डॉ. पीयूष शर्मा, डॉ. शिव धीमान, डॉ, सुधीर, डॉ. विपिन, डॉ. धीरज, पावी सैनी, सोनाक्षी धीमान आदि शिक्षक-शिक्षिका मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सविता ने किया।

# सराय चौकी इंचार्ज-हैड कांस्टेबल हुए सस्पेंड

**बुढ़ाना, 23 फरवरी (बु.)। अभी चार दिन पहले ही जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने किसी एक मामले में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की परासौली पुलिस चौकी के इंचार्ज और उनके अधीन काम कर रहे एक पुलिस कांस्टेबल को निलम्बित कर दिया था। आज फिर एसएसपी का चाबुक चला, तो उन्होंने इसी तरह के एक अन्य मामले में बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र की सराय पुलिस चौकी के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रजत चौधरी और हैड कांस्टेबल विनीत यादव को सस्पेंड करते हुए पुलिस महकमे में जबरदस्त हड़कंप मचा दिया है। अब एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने सराय पुलिस चौकी का नया प्रभारी सब इंस्पैक्टर अजित सिंह को बनाया है, जिन्होंने कुछ ही घंटों बाद सराय पुलिस चौकी का चार्ज भी संभाल लिया है। चर्चा है कि चौकी इंचार्ज ने गांव सराय के एक युवक विनोद प्रजापति को यह कहकर अरेस्ट किया था कि वो बिना लाइसेंस के अनार पटाखे का खाली खोका अपने चाक पर बना रहा है। युवक ने यह सुनकर हैरानी जताई, क्योंकि चाक पर मिट्टी संबंधी कुछ भी बर्तन आदि बनाने का कोई भी लाइसेंस नहीं होता। चौकी इंचार्ज ने कांस्टेबल की सहायता से युवक से 15 हजार रुपये मांगे तो युवक ने 14 हजार रुपये देकर अपना पिंड छुड़ाया। इस बात की जानकारी गांव सराय में आए भाजपा नेता नितिन मलिक को मिली तो उन्होंने फोन पर एसएसपी से बात की तो सीओ फुगाना की जांच में पूरा मामला खुला जो सही मिला।**

# मच्छरों के खिलाफ नगर पालिका का 'महाभियान', फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव से मिली राहत



मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)। शहर में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से जनता को निजात दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद ने कमर कस ली है। पालिका की ओर से शुरू किए गए विशेष सफाई और फॉगिंग अभियान के तहत सोमवार को साउथ सिविल लाइन क्षेत्र में सघन अभियान चलाया गया। इस कदम से स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है। नगर पालिका की टीम ने साउथ सिविल लाइन के विभिन्न मौहल्लों में पहुंचकर जलभराव वाले स्थानों और नालियों में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव भी किया। साथ ही, फॉगिंग मशीनों के जरिए धुंआ कर मच्छरों को भगाने का काम किया गया। अभियान के दौरान केवल कीटनाशक छिड़काव ही नहीं, बल्कि गंदगी वाले संवेदनशील इलाकों में विशेष सफाई अभियान चलाकर कूड़ा निस्तारण भी कराया गया। यह अभियान नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप के कुशल निर्देशन और अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। मौके पर मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश कुमार और सफाई नायक कुमार गौरव ने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभाला। इस दौरान वार्ड सभासद शोभित गुप्ता भी टीम के साथ मौजूद रहे और उन्होंने वार्ड की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। स्थानीय लोगों ने पालिका के इस त्वरित एक्शन की सराहना की है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र पंजीकरण संख्या 69/01-02-2023 में गलती से पुत्र का नाम अभिमन्यु अंकित करा दिया गया था। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अभिमन्यु दीक्षित है तथा भविष्य में भी मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना जाएगा। संशोधन हेतु शपथ-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जायेगा।

अवनीश दीक्षित
पुत्र अजीत कुमार दीक्षित
निवासी- 1248/2, आनन्द विहार गली नं0 4, जिला- मुजफ्फरनगर

### NAME CHANGE

I, Kamal Goel, S/o Om Prakash Goel, resident of 511, Sanjay Marg, Muneem Colony, Muzaffarnagar 251001, Uttar Pradesh, have changed my name from Kamal Goel to Kamal Kumar Goel. Henceforth, I would be known by the name of Kamal Kumar Goel for all future purpose.

# सनातन धर्म को समाप्त करने का षडयंत्र रच रही हैं बाहरी शक्तियां : यशवीर




जानसठ, 23 फरवरी (बु.)। कस्बे में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि कट्टरपंथी इस्लामिक शक्तियां सनातन धर्म का समाप्त करने का षडयंत्र रच रही है। हिंदुओं को देश में फैलाए जा रहे जेहाद का खात्मा करना होगा। सम्मेलन का शुभारंभ दीपब प्रज्वलन करके राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह संजय लखान, विभाग संपर्क प्रमुख उदय सिंह, खंड संघ चालक अजय, जिला प्रचार प्रमुख योगेन्द्र ने संयुक्त रूप से किया। सोमवार को सिद्धपीठ श्री ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता स्वामी ने देश में फैलाए जा रहे जेहाद पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कुछ अंतरराष्ट्रीय इस्लामिक शक्तियां के देश से सनातन धर्म और हिंदुओं को समाप्त करने का षडयंत्र कर रही है। भारत में हिंदुओं को अस्तित्व बचाने के लिए एकजुट होकर देश से हर प्रकार से किए जा रहे जेहाद को समाप्त करना होगा। उन्होंने लव जेहाद का जिक्र करते हुए कहा कि सनातन धर्म की बेटियों को वापस लाना होगा। लव जेहाद फैलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर देश से इसका खात्मा करना होगा, तभी सनातन धर्म बचेगा। स्वामी यशवीर महाराज ने हिंदू धर्म से घृणा नहीं करने और जातिवाद मिटाने का संकल्प दिलाया। विराट हिंदू सम्मेलन की अध्यक्षता मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रवीण तंवर ने की। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह संजय लखान, विभाग संपर्क प्रमुख उदय सिंह, खंड संघ चालक अजय, जिला प्रचार प्रमुख योगेन्द्र, एलडीबी के चेयरमैन बृजेश रस्तोगी, प्रदीप सिंघल, नेत्रपाल कश्यप, सोनू मूंछ, मुकेश शर्मा, डॉ. सतीश खटीक, सोनू सलभ, सभासद धर्मेश सैनी आदि मौजूद रहे। संचालन पूनम राणा ने किया।

# मकान निर्माण करा रहे ग्रामीण से पचास हजार की अनोखी ठगी

भोपा, 23 फरवरी (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव कासमपुरा में एक शातिर ठग ने अनोखी ठगी की घटना को अंजाम देकर मकान निर्माण कार्य करा रहे एक ग्रामीण से पचास हजार रुपए की ठगी की घटना को अंजाम दे दिया। ग्रामीण से पचास हजार रुपए ठग कर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने भोपा थाने पर पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर निवासी ऋषिपाल ने भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि वह अपने गांव में अपने मकान का निर्माण कार्य करा रहा है। पीड़ित ने बताया कि सोमवार को सुबह एक व्यक्ति उसके पास आया और सस्ता सीमेंट और सरिया घर पर ही उपलब्ध कराने का झांसा दिया। इसके बाद आरोपी भोपा स्थित वाजिद सीमेंट एजेंसी पर पहुंचा और सरिया व सीमेंट की सौदेबाजी कर ट्रॉली में सरिया लादने के लिए कहा। दुकानदार द्वारा पैसे मांगने पर आरोपी ने कहा कि पैसे घर पर सामान पहुंचने पर दे दिए जाएंगे। इसके बाद वाजिद का भाई साहिब ट्रैक्टर ट्रॉली में लगभग एक लाख रुपए का सरिया लादकर कासमपुर पहुंच गया। कासमपुर पहुंचकर आरोपी ने ऋषिपाल से कहा कि तुम्हारा सरिया आ गया इसका भुगतान कर दो। घर के सामने सरिए से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ी देख ऋषिपाल ने आरोपी को पचास हजार रुपए का भुगतान कर दिया, जिसे लेकर आरोपी बहाने से पिछले दरवाजे से बाहर निकल गया। थोड़ी देर बाद ऋषिपाल ने साहिब को सरिया उतारने के लिए कहा तो उसने भुगतान के पैसे मांगे, जिस पर ऋषिपाल को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ, जिसके बाद पीड़ित भोपा थाने पर पहुंचा और आरोपी ठग के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई।

# भोकरहेड़ी में टला बड़ा हादसा: गन्ने की पत्तियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगी भीषण आग



मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु)। कस्बे के भोकरहेड़ी-लक्सर मार्ग पर सोमवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब गन्ने की सूखी पत्तियों से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में भीषण आग लग गई। गनीमत यह रही कि आग घनी आबादी वाले क्षेत्र में लगने के बावजूद ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता से कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार शाम करीब 7 बजे मोहल्ले का निवासी खुर्शीद जंगल से ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ने की सूखी पत्तियां भरकर ला रहा था। जैसे ही वह कस्बे के लक्सर मार्ग पर पहुँचा, अचानक अज्ञात कारणों से ट्रॉली के पिछले हिस्से में आग की लपटें उठने लगीं। सूखी पत्तियां होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आबादी के बीच आग की ऊंची लपटें देख आसपास के लोगों में भगदड़ मच गई। स्थानीय निवासी आनंद वीर सिंह ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि चालक को संभलने का मौका तक नहीं मिला। सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और आनन-फानन में बाल्टियों से पानी व मिट्टी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। घटना की सूचना मिलते ही शुक्रताल चौकी पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से यातायात को रुकवाया और ग्रामीणों की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पाया। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आग लगने का कारण क्या रहा।

आवश्यक सूचना
सिंघल नर्सिंग होम
डॉ. हेमी सिंघल
M.B.B.S. (MAMC), DGO (LHMC)
Diplomate American Board of Family Medicine
Diplomate American Board of Obesity Medicine
PG Diploma Diabetes & Endocrinology (UK)
Consultant Endocrinologist & Weight Loss Specialist
दिनांक 25-02-2026, दिन -बुधवार को
डॉ. हेमी सिंघल
शुगर, थाइरोइड, Pcos, मैडिकल वेटलॉस B.P., कोलेस्ट्रॉल आदि के मरीजों को देखेंगी।
नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें
सिंघल नर्सिंग होम
कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
M.9837082912, 8800567610
समय:- प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक

# मुजफ्फरनगर-टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट एमपीएल-2 का आगाज

## ➔मुख्य अतिथि मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने किया उद्घाटन ➔13 मार्च को होगा फाइनल मुकाबला, इस बार 12 टीम कर रही प्रतिभाग

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** एमपीएल सीजन-2 का उद्घाटन मैच सोमवार को उत्साह और धूमधाम के साथ शुरू हुआ। पहला मुकाबला देवभूमि रॉयल्स और सिल्वरटन टाइगर्स के बीच में खेला गया, जिसमें सिल्वरटन टाइगर्स ने देवभूमि रॉयल्स को 4 विकेट से पराजित करते हुए पहले मैच में विजयश्री हासिल की। इस मैच के हीरो ऋतुराज शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इससे पूर्व शुभारंभ अवसर पर अतिथियों के रूप में मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार, डीएम उमेश मिश्रा, यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा, भाजपा नेता गौरव स्वरूप आदि शामिल रहे। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार व डीएम उमेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन को देखकर प्रसन्नता हो रही है। हमारे मंडल में इतना व्यवस्थित और शानदार टूर्नामेंट कम ही देखने को मिलता है। मैं मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन एवं सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं। इस दौरान खिलाड़ियों में बड़ा उत्साह दिखाई दिया। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। सोमवार को एमपीएल सीजन-2 के इस भव्य आगाज ने क्रिकेट प्रेमियों में नया जोश भर दिया है और आगामी मुकाबलों को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह बना हुआ है। इस बहुप्रतीक्षित मुजफ्फरनगर क्रिकेट लीग-2 का भव्य शुभारंभ खेल उत्साह व मौजूद दर्शकों की तालियों के बीच हुआ। टूर्नामेंट के आगाज के साथ जिले में खेल महोत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। सचिव मनोज पुण्डीर ने बताया कि इस वर्ष लीग को और अधिक भव्य और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाया है। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं और प्रत्येक टीम में कुल 15 खिलाड़ी, 1 प्रशिक्षक व सहयोगी स्टाफ शामिल है। पूरे टूर्नामेंट में 33 मुकाबले होंगे, जबकि प्रति दिन दो मैच आयोजित किए जाने की योजना है।







दोनों सेमीफाइनल 12 मार्च और फाइनल मुकाबला 13 मार्च को खेला जाएगा। इस अवसर पर एमपीएल के चेयरमैन भीम कंसल, एमसीए के अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, सचिव मनोज पुंडीर, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, जॉइंट सेक्रेटरी ओम देव सिंह, विकास राठी, रोहित चौधरी, उपाध्यक्ष अरविंद भारद्वाज व कुशल पाल सिंह, इंद्र माथुर, प्रवीण मलिक, योगेंद्र मलिक, अजय जैन, शिरीष वर्मा, आशीष भटनागर, मुकेश त्यागी, संजय चौधरी, शिवकुमार गौतम, डॉ. हेमंत एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सिल्वरटन टाइगर्स ने देवभूमि रॉयल्स को 4 विकेट से हराया

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए एमपीएल-2 के लीग मुकाबले में सिल्वरटन टाइगर्स ने देवभूमि रॉयल्स को 4 विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। सोमवार को शुरू मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए देवभूमि रॉयल्स ने 20 ओवर में 08 विकेट पर 123 रन बनाए। टीम की ओर से प्रिंस पंवार ने 32 व हर्ष भाटी ने 34 रनों का योगदान दिया। सिल्वरटन टाइगर्स के गेंदबाज कुलदीप कुमार और आर्यमन ने 2-2 विकेट हासिल किए। देवभूमि रॉयल्स ने 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए खेल मैदान में सिल्वरटन टाइगर्स ने 14.5 ओवर में 6 विकेट खोकर 124 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। टीम के लिए ऋतुराज शर्मा ने नाबाद 56 रनों की शानदार पारी खेली, वहीं यश गर्ग 07 रन बनाकर नाबाद रहे। देवभूमि रॉयल्स की ओर से हर्ष भाटी ने 3 विकेट लिए। मैच के हीरो रहे ऋतुराज शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ सिल्वरटन टाइगर्स ने लीग में विजयी आगाज किया। इस वर्ष एमपीएल-2 लीग में 12 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें बिन्दल स्ट्राइकर्स, वॉरियर्स टिहरी फाल्कंस, देवभूमि रॉयल्स, अम्बा वॉरियर्स, वसुंधरा सुपरकिंग्स, क्रिस्टल बालाजी टाइटस, सिल्वरटोन पैंथर्स, सिल्वरटोन टाइगर्स सहित अन्य टीमें शामिल हैं।



## मेरठ में 2 मंजिला मकान में भीषण आग, 7 झुलसे : 6 महीने के 2 बच्चों की मौत

**मेरठ, 23 फरवरी (एजेंसी)।** सोमवार की देर शाम दो मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। उस वक्त घर में 2 महिलाएं और 5 बच्चे थे। सभी लपटों फंस गए। लोगों ने धुआं उठता देखा तो पुलिस और फायर विभाग को सूचना दी। गलियां संकरी होने की वजह से फायर बिग्रेड की टीम छत से मकान में पहुंची। इसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद सभी बाहर निकाला। 6 महीने के 2 बच्चों के मरने की सूचना है। जिस वक्त ये हादसा हुआ, परिवार का मुखिया नमाज पढ़ने गया था। घटना लिसाड़ीगेट थानाक्षेत्र के सुराही वाली मस्जिद स्थित गली नंबर 1 किदवई नगर की है। सोमवार देर शाम सुराही वाली मस्जिद स्थित गली नंबर 1 इकबाल अपने भाई के साथ नमाज पढ़ने मस्जिद में गया था। घर में उसकी पत्नी औस मां और 5 बच्चे अकेले थे। तभी अचानक आग लग गई। आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है। पड़ोसियों ने घर में आग की लपटें उठती देखी और हंगामा मचा दिया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची है। वहीं पुलिस भी मौके पर पहुंची है। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई। वहीं आग में घर के अंदर दोनों महिलाएं और चारों बच्चे फंस गए। जिन्हें बमुश्किल बाहर निकाला गया है। आग में फंसने के कारण बच्चे, महिलाएं घायल हुए हैं ।

## वंदे भारत और मेरठ मेट्रो में पिस्टल, सिगरेट, तबांकू, माचिस, घी और तेल नहीं ले जा सकेंगे

**मेरठ, 23 फरवरी (एजेंसी)।** मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक मेट्रो और नमो भारत के संचालन पर एसएसएफ ने भी ड्यूटी लगा दी। 13 स्टेशनों का जिम्मा एसएसएफ के दो इंस्पेक्टर और 400 जवानों को दिया गया है। सोमवार को पहले ही दिन एसएसएफ की जांच में लाइसेंसी पिस्टल, शराब, सिगरेट,तबांकू, माचिस और घी एवं तेल लेकर चलने वालों को वापस लौटा दिया। दूसरे दिन सभी को चेतावनी देकर छोड़ दिया है। बताया गया कि मंगलवार को प्रतिबंधित वस्तुओं को लेकर चलने वालों का सामान जब्त कर लिया जाएगा। 25 किलो से ज्यादा कपड़े या सामान का बैग लेकर चलने वालों को भी वापस लौटा दिया गया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम से सभी यात्रियों की निगरानी की जा रही थी। सोमवार को दूसरे दिन मेट्रो और नमो भारत में यात्रा करने वाले लाइसेंसी हथियार तक लगा कर पहुंच गए। उन्हें चेकिंग गेट से ही लौटा दिया। शराब लेकर और पीकर चलने वालों को भी स्टेशन से आगे प्रवेश नहीं मिल सका है। इसी तरह से सिगरेट, तबांकू, माचिस, घी और तेल लेकर चलने वालों को भी लौटाया गया। कुछ यात्री 25 किलो से ज्यादा वजन का बैग लेकर पहुंचे। उनको भी मेट्रो और नमो भारत में प्रवेश नहीं मिल सका। एक व्यक्ति सिर्फ 25 किलो वजन का ही बैग साथ लेकर जा सकता है। दूसरा दिन होने की वजह से किसी का सामान जब्त नहीं किया गया। चेताया गया कि मंगलवार से प्रतिबंधित सामान को एसएसएफ जब्त कर लेगा। ऐसे में सभी यात्रियों को चाहिए कि मेट्रो और नमो भारत को कोई केमिकल्स भी लेकर नहीं जा सकते है।

## नगर के चरथावल रोड पर खुल रहे हैं अवैध रसायन के गोदाम, रसायन गिरते ही घास उगनी हो जाती है बंद

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर में जिसका जो मन करे वह कर सकता है चाहे फिर किसी की जान ही क्यों न चली जाए। चरथावल रोड अब इसी काम से आबाद हो रहा है। यहां अवैध रसायन के गोदाम खुलेआम देखे जा सकते हैं। शिक्षा के स्कूलों के पास ही ये गोदाम खुलेआम खुले हुए हैं जहां कई ड्रम रसायन भरे जमीन पर पलटे हुए राहगीर भी देख सकता है। न कोई सुरक्षा मानक न कोई अन्य नियम-कानून के तहत यह गोदाम खोले गए हैं। इस मामले में आज जब मीडिया ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि जहरीली गैसों और धुएं के बीच बच्चों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा है। मुनेश नाम की महिला का कहना है कि मामूली सी हवा चलते ही इन रसायनों की दुर्गंध घरों के अंदर तक घुस जाती है जो नन्हें बच्चों ही नहीं बड़ों तक के लिए घातक साबित हो रही है। इस मामले में मुख्य शमन अधिकारी अनुराग कुमार ने निरीक्षण करते हुए उक्त रसायन फैक्ट्री खोलने वालों की जांच की तो अग्नि सुरक्षा मानकों की भी यहां कमी पाई गयी और एक गोदाम अवैध रूप से संचालित मिला। अग्नि शमन अधिकारी अनुराग कुमार का कहना है कि एक गोदाम तो अवैध है ही साथ ही साथ दूसरे गोदाम में भी सुरक्षा व्यवस्था अधूरी है। बार-बार नोटिस के बाद भी अभी गोदाम स्वामियों के कानों पर कोई जूं नहीं रेंगी है। क्षेत्र के लोगों ने तत्काल इन गोदामों को बंद कराने की मांग की है।


स्थानीय पीड़ित महिला मुनेश


अग्नि शमन अधिकारी अनुराग कुमार




## रतनपुरी बस स्टैंड के निकट गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक पलटा, एक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** थाना रतनपुरी क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को एक बड़ा हादसा होने से टल गया। रतनपुरी बस स्टैंड के पास गन्ने से लदा एक अनियंत्रित ओवरलोड ट्रक सड़क के बीचों-बीच पलट गया। इस घटना से मौके पर चीख-पुकार मच गई और व्यस्त मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। इस हादसे में फल खरीद रहे अतर सिंह पुत्र सुरजन निवासी गांव नांगल थाना दोघट बागपत की ट्रक के नीचे दबने से दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका पोता प्रिंस पुत्र लीलू घायल हो गया। बस स्टैंड पर खड़े लोगों ने इधर-उधर भागकर जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रक में क्षमता से काफी अधिक गन्ना भरा हुआ था। जैसे ही ट्रक बस स्टैंड के पास मोड़ पर पहुंचा, अत्यधिक भार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सड़क पर पलट गया। ट्रक पलटते ही उस पर लदा टन के हिसाब से गन्ना सड़क पर बिखर गया, जिससे बस स्टैंड के आसपास वाहनों की लंबी कतारें लग गई और जाम की स्थिति पैदा हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही रतनपुरी थाना पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और ट्रक में फंसे चालक व मृतक की डेड बॉडी को निकला।



### जेसीबी से साफ कराया गया रास्ता

मुजफ्फरनगर। यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए पुलिस ने जेसीबी और क्रेन की मदद ली। घंटों की मशक्कत के बाद पलटे हुए ट्रक को सीधा किया गया और सड़क पर बिखरे गन्ने को हटवाया गया। काफी समय तक अफरा-तफरी का माहौल रहने के बाद प्रशासन ने स्थिति को सामान्य किया।

## इंस्टाग्राम पर तमंचे सहित फोटो डालकर दी धमकी

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** पहले मारपीट की और इसके बाद इंस्टाग्राम पर तमंचे सहित फोटो डालकर धमकी देने का आरोप लगाया गया है। तमंचे वाली पोस्ट का स्क्रीन शॉट भी एसएसपी को सौंपा गया है। आरोप है कि इसके बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही। एसएसपी की जनसुनवाई के दौरान आज जानसठ थाना क्षेत्र के ग्राम दक्षिणी घटायन का निवासी रोहित कश्यप पहुंचा। उसने कहा कि वह शादी विवाह में खाना बनाने का काम करता है। उसकी जानसठ निवासी नीशू के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसे लेकर 19 फरवरी को उसके साथ मारपीट की गई। उस पर तमंचे से फायरिंग भी की गई, लेकिन राहगीरों के आने के कारण वह बच गया। उक्त लोग लगातार उसे आतंकित कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। उक्त नीशू अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर तमंचे के साथ अपनी फोटो डालकर धमका रहा है। उसने नीशू और उसके साथियों से जान का खतरा बताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



## नौकरी का झांसा देकर 15 लाख रुपये हड़पे

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर आरोपियों ने पीड़ित से 15 लाख रुपए हड़प लिए। आरोपियों ने दो युवकों को टूरिस्ट वीजा पर थाईलंड था, जहां से उन्हें म्यांमार भेज दिया गया। आरोप है कि यहां दोनों को साइबर ठगों ने बंधक बनाकर ठगी कराने का प्रयास किया। दोनों पीडित किसी तरह अपने देश में पहुंचे। पीडितों ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर शिकायत की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर बघरा निवासी छम्मन खां और मोहम्मद नदीम ने शिकायत करते हुए जानकारी दी कि उसके बेटे उमर खान और अजीम सैफी को बघरा के रहने वाले दो लोगों ने थाईलैंड में नौकरी का झांसा दिया था। दोनों युवकों को 60 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिलाने का वादा कर वीजा समेत विभिन्न कार्यों के लिए लाखों रुपये लिए थे। 6 सितंबर-2025 को अजीम और उमर थाईलैंड के बैंकाक पहुंचे, लेकिन एयरपोर्ट पर मिले लोगों ने उन्हें काम के बजाए म्यांमार भेज दिया। यहां पर कुछ पाकिस्तान और चीन के लोगों ने बंधक बना रखा। उनके साइबर ठगी का प्रयास कराया। विरोध करने पर दो माह तक बंधक बनाकर मारपीट की गई।

## भारतीयों को ईरान से तुरंत निकलने की सलाह

**नई दिल्ली, 23 फरवरी (एजेंसी)।** भारत सरकार ने ईरान में बढ़ते अमेरिकी तनाव के मद्देनजर अपने नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने छात्रों, यात्रियों और कारोबारियों सहित सभी भारतीयों से उपलब्ध साधनों से ईरान छोड़ने को कहा है। भारतीयों के लिए विदेश मंत्रालय की एडवाइजरी में उन्हें तत्काल ईरान छोड़ने को कहा गया है। तनाव के बीच अमेरिका ने लड़ाकू बेड़े तैनात कर दिए हैं। इसके बाद वहां अमेरिकी हमले की आशंका है।

## गांधी कॉलोनी में छात्रों के गुटों में मारपीट के मामले में चार नामजद सात अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** नई मंडी की गांधी कॉलोनी में छात्रों के दो गुटों में मारपीट के मामले में पुलिस ने एक पीड़ित छात्र के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। चार हमलावरों को नामजद करते हुए सात अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से अज्ञात हमलावरों की पहचान करने में जुटी है। रविवार शाम को गांधी कॉलोनी में छात्रों के दो गुटों में मारपीट का मामला सामने आया था। इस दौरान एक छात्र ने फायर भी किया था। सीओ नई मंडी राजू कुमार साव ने पहुंचकर जांच की थी। सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस ने ली थी। फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की थी। इस मामले में रामपुरी निवासी शिव कुमार ने नई मंडी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका बेटा दिव्यांश अपने साथी फ्रैंड्स कॉलोनी निवासी राज व अमन के साथ गांधी कॉलोनी में ट्यूशन पढ़ने जा रहा था। रास्ते में प्रेमपुरी निवासी रुद, नंदू, आर्य व अमन व छह सात अन्य दोस्तों के साथ मिला। उन्होंने उनके बेटे व अन्य के साथ मारपीट की। रुद्र ने फायर किया।आरोपी धमकी देकर भाग गए। सीओ नई मंडी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में रविवार शाम को घटना के बाद दो छात्रों को पकड़ा था। इनमें दिव्यांश व उसका साथी था। उन्हें छोड़ दिया गया था। आरोपियों की तलाश की जा रही है ।

## पिता को करंट लगने की बात कहकर बेटी का किया अपहरण

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** दूसरे समुदाय का एक युवक, पिता को करंट लगने की झूठी सूचना देकर घर से उनकी बेटी को बुलाकर उसका अपहरण कर ले गया। युवती के पिता पर जानलेवा हमला भी किया गया। शहर कोतवाली एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति कोतवाली क्षेत्र में इलेक्ट्रिक मिस्त्री है। शनिवार को उसकी बेटी व दादी घर पर मौजूद थे। आरोप है कि चरथावल क्षेत्र के गांव दधेडू निवासी वसीम कुरैशी उसके घर पर पहुंचा तो उसने परिजनों को जानकारी दी कि इलेक्ट्रिक मिस्त्री को करंट लग गया और वह अस्पताल में भर्ती है। उसके बाद आरोपी उसकी बेटी को बाइक पर शहर लाने के बहाने अपहरण कर ले गया। किशोरी की मां अस्पताल में पहुंची तो मामला झूठा निकला। पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नई मंडी कोतवाली के मोहल्ला अमित विहार निवासी सतीश कुमार शिव चौक के निकट इलेक्ट्रिक मिस्त्री का काम करता है। शनिवार शाम को अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर उसे बिजली का काम कराने का लालच देकर जौली रोड पर रजवाहा के निकट बुलाया था। आरोप है कि यहां पर विशाल, विशाल त्यागी तथा दीपक मिले और उसके सिर पर ईंटों और चाकू से प्रहार किया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। शोर मचाने पर कुछ लोगों को आता देखकर आरोपी फरार हो गए। घायल की पत्नी ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## ककरौली थाना क्षेत्र में वन्य जीवों का शिकार, नील गाय के अवशेष बरामद

### मुठभेड़ के बाद वन्य जीवों का शिकार करने वाले आरोपी फरार, कार बरामद

**भोपा, 23 फरवरी (बु.)।** प्रदेश सरकार के वन्यजीव संरक्षण के दावों पर एक बार फिर शिकारियों ने करारा तमाचा जड़ा है। रविवार की रात ककरौली थाना क्षेत्र के दरियाबाद वन क्षेत्र (अभयारण्य क्षेत्र) में शिकारियों ने एक नील गाय का अवैध शिकार कर डाला। वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके से नील गाय के गोली लगे अवशेष, धारदार हथियार और एक संदिग्ध वाहन बरामद किया है। वन विभाग ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

ककरौली थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त पर निकली वन विभाग की टीम ने वन्य जीव अभ्यारण्य क्षेत्र से गोली चलने की आवाज सुनी। सूचना मिलते ही टीम ने तत्परता दिखाते हुए पूरे क्षेत्र की घेराबंदी शुरू कर दी। मौके पर पहुंचने पर टीम ने देखा कि शिकारी नील गाय के अंगों को वाहन में लादने की फिराक में थे। टीम को आता देख शिकारी जान बचाकर भागने लगे। वन क्षेत्राधिकारी रविकांत चौधरी ने बताया कि जैसे ही टीम ने शिकारियों का पीछा किया, आरोपी तेज रफ्तार में भागने लगे, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाने की कोशिश में उनकी गाड़ी पास के एक खेत में जा फंसी। गाड़ी के फंसते ही आरोपी उसे लॉक कर मौके से फरार हो गए। टीम ने मौके से वाहन को कब्जे में ले लिया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से नील गाय के कटे हुए अंग, कुछ धारदार हथियार और शिकार में इस्तेमाल किया गया सामान बरामद हुआ। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पशु चिकित्सकों की टीम ने नील गाय के शव का पोस्टमार्टम किया, जिसमें शव से एक गोली बरामद हुई है। इससे साफ हो गया है कि शिकारियों ने वारदात को अंजाम देने के लिए हथियार का इस्तेमाल किया। वन विभाग ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972, आर्म्स एक्ट और इठर की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभागीय वनाधिकारी अभिनव राज के निर्देशन में वन रक्षक नंद किशोर शर्मा, हरेंद्र चौधरी और सुनील कपूर की टीम साक्ष्य जुटाने में जुटी है। पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर फरार शिकारियों की तलाश की जा रही है।




### धड़ल्ले से हो रहा शिकार, प्रशासन के दावे फेल

***भोपा।** वन्य क्षेत्र में लगातार शिकारी गंगा से मछली, कछुओं व अन्य जलीय जीवो का शिकार करते हैं, लेकिन वन विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं देता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि में वन विभाग के जंगल में शिकारी नील गाय, हिरण, आदि जानवरों का शिकार करते हैं और जंगली जानवरों के मांस को ले जाकर बेचने का काम करते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि शिकारी जाल बिछाकर और गोलियां चलाकर जंगली जानवरों को मार रहे हैं और उनकी तस्करी कर रहे हैं। इस बार वन विभाग की सतर्कता से शिकारी भागने में कामयाब रहे, लेकिन सवाल उठता है कि आखिर अभयारण्य क्षेत्र में इतनी बड़ी वारदात को अंजाम कैसे दिया गया।*

## मोती झील में मृत अवस्था में मिली सैंकड़ों मछलियां, जहर देकर मारने की आशंका

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)। सोमवार को नगर की मोती झील में सैंकड़ों की तादाद में मछलियां मृत अवस्था में पाई गयी। मृत मछलियों के बारे में सूचना हिन्दू संगठन के संजय अरोरा ने दी तो सूचना पर बुलेटिन की टीम तुरन्त मौके पर पहुंची तो पाया कि कुत्ते मृत मछलियों को नोंच रहे थे। इतनी बड़ी तादाद में मछलियों के मारे जाने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। माना जा रहा है कि किसी असामाजिक तत्व ने जहरीला पदार्थ पानी में मिलाया है जिस कारण मछलियां मरी हैं या झील के पीछे स्थित कई ऐसी फैक्ट्रियां हैं, जिनका कैमिकल युक्त पानी इस झील में बहकर आने की आशंका है, जो मछलियां मरने का कारण बन सकता है। इससे पहले भी झील में मछलियां मरने की घटना हो चुकी है।**





## घाटी में जैश का खात्मा !: सेना ने 7 आतंकी ढेर

**जम्मू, 23 फरवरी (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 326 दिनों तक चले हाई-एल्टीट्यूड ऑपरेशन में सात खतरनाक आतंकवादी मारे गए हैं। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर (16 कोर) ने सोमवार को यह जानकारी दी। व्हाइट नाइट कोर ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, "किश्तवाड़ इलाके में 326 दिनों तक लगातार हाई-एल्टीट्यूड अभियान चलाए गए। सेना ने मुश्किल इलाकों में ठंडे, गीले और बर्फीले मौसम के बीच आतंकवादियों को ट्रैक किया। इस दौरान कई बार मुठभेड़ हुई। व्हाइट नाइट कोर की टुकड़ियों, जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने खुफिया एजेंसियों के मजबूत खुफिया तंत्र के आधार पर आखिरकार किश्तवाड़ के चटरू क्षेत्र में सभी सात कुख्यात आतंकवादियों को मार गिराया।" इनमें से एक 10 लाख का इनामी आतंकी कमांडर सैफुल्लाह के होने का संदेह है। अगर जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर सैफुल्ला है तो सुरक्षाबलों की ये सफलता जैश के नेटवर्क की कमर तोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी।

## मुख्यालय पर नौकरी के लिए एक्सईएन ने रखी घटिया शर्त ?

### ➔विकास भवन कर्मचारियों में आक्रोश, सीडीओ से शिकायत ➔एक्सईइन को हटाने की मांग पूर्ण न होने पर धरने की चेतावनी

**मुजफ्फरनगर, 23 फरवरी (बु.)।** सोमवार को विकास भवन में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब परिसर में तीसरी मंजिल स्थित ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के एक्सईएन द्वारा अपने ही एक कर्मचारी के समक्ष अजीब शर्त रखने की जानकारी अन्य कर्मियों को मिली। अभद्र टिप्पणी वाली शर्त की से विकास भवन में सभी कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ गया और उक्त अधिकारी की घटिया सोच का भी पता चला। अभद्रता से आहत कर्मचारियों ने जब इस मामले की जानकारी सीडीओ को दी तो वो भी इस शिकायत को सुनकर दंग रह गए। विकास विभाग के कर्मचारियों ने इसके विरोध में एक्सईएन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।

सोमवार को विकास भवन में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के एक्सईएन की घटिया मानसिकता को लेकर पनपे विवाद के बीच विकास भवन कर्मचारी एसो. के अध्यक्ष राहुल चौधरी, महामंत्री कुलवंत सिंह व अन्य कर्मियों ने सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण से मुलाकात करते हुए मामले की शिकायत की।



वहीं एक्सईएन के खिलाफ कार्रवाई और उसे हटाने की मांग की। एसोसिएशन ने मंगलवार से ग्रामीण अभियंत्रण विकास के कार्यों का बहिष्कार करने और धरना देने की चेतावनी दी। विकास भवन के तृतीय तल पर ग्रामीण अभियंत्रण विकास का कार्यालय है। इस विभाग में टेंडरों को लेकर कुछ शिकायत चल रही है। एक्सईएन ने सुमित कुमार शर्मा वरिष्ठ सहायक पर शिकायत कराने का गंभीर आरोप लगाया। आरोप है कि एक्सईएन ने सुमित कुमार को मुख्यालय पर रखने के लिए अजीब शर्त रखते हुए परिवार पर भी टिप्पणी की है। 19 फरवरी से उक्त कर्मचारी मानसिक तनाव में है। सोमवार को उक्त कर्मचारी ने आखिर में तंग आकर विकास भवन कर्मचारी एसोसिएशन को मामले की जानकारी दी। इसके बाद कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल चौधरी व महामंत्री कुलवंत सिंह ने इस मामले को लेकर ग्रामीण अभियंत्रण के कार्यालय में कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में लिए निर्णय के बाद कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए एक्सईएन के खिलाफ सीडीओ से शिकायत की। एसो. के अध्यक्ष राहुल चौधरी ने कहा कि इस घटना में एक्सईएन को लिखित में माफी मांगनी होगी। वहीं कर्मचारियों ने एक्सईएन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से भीमसेन पाल, संजय कुमार, पंकज, देवेन्द्र चौधरी, मोहित, सचिन पुंडीर, अर्चना शर्मा, दीपक, सुमित कुमार, सुधीर कुमार आदि दर्जनों अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## विश्वविद्यालय परिसर में सड़क पर नमाज व इफ्तारी किए जाने का विरोध

**लखनऊ, 23 फरवरी (एजेंसी)।** लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर स्थित ऐतिहासिक लाल बारादरी मुद्दे पर सोमवार को छात्र संगठनों के बीच तीखा विरोध-प्रदर्शन हुआ। एबीवीपी से जुड़े विद्यार्थियों ने बारादरी में कथित तोड़फोड़ और विश्वविद्यालय परिसर में सड़क पर नमाज व इफ्तारी किए जाने के मुद्दे पर प्रदर्शन किया। छात्रों की ओर से विवि परिसर में अवैध मजारों की जांच कर ध्वस्त करने की मांग भी उठाई। वहीं एनएसयूआई, समाजवादी छात्र सभा और आईसा के कार्यकर्ता जर्जर घोषित इमारत का ताला खुलवाने की मांग पर अड़े रहे और दिनभर बवाल काटा। सोमवार सुबह से ही संयुक्त छात्र सभा के सैकड़ों छात्र लाल बारादरी के आसपास इकट्ठे होकर नारेबाजी करते हुए प्रशासनिक भवन तक पहुंच गए। दोपहर बाद ये छात्र मुख्य द्वार के सामने धरने पर बैठ गए, जिससे परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। वहीं एबीवीपी के छात्र नेता जतिन शुक्ला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी को ज्ञापन सौंपकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। संगठन का कहना है कि जर्जर घोषित भवन को औजारों से नुकसान पहुंचाया गया और परिसर में सड़क पर नमाज व इफ्तारी कर माहौल प्रभावित किया गया। छात्र नेता आलोक मिश्रा और विवेक मिश्र ने परिसर में अवैध मजारों की जांच कर ध्वस्त करने की मांग भी उठाई। अनुराग सिंह तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा का केंद्र है, यहां किसी भी विवादित सांप्रदायिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि लाल बारादरी अत्यंत जीर्ण-शीर्ण हालत में है और सुरक्षा कारणों से प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। पूर्व में यूको बैंक और स्टाफ क्लब को भी इसी आधार पर हटाया गया था। भवन के बाहर चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। निर्णय का किसी समुदाय से संबंध नहीं है और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से जीर्णोद्धार के लिए पत्राचार जारी है।

**लविवि में लाल बारादरी मामले पर दिनभर हंगामा, छात्र संगठनों के बीच टकराव**

